कभी किसी पॉलिटिकल पार्टी में नहीं जाऊँगा। आप कैसे ऐसे व्यक्ति पर विश्वास कर सकते हैं। मैं इसलिए अनुरोध कर रहा हूँ कि ऐसे व्यक्ति को चुनिए, जो आपके बीच रह कर आपके लिए काम करे और जो आपकी समस्या को जानता हो।...(**व्यवधान**)... आप किसी का नाम नहीं ले सकते हैं।

WELCOME TO THE PARLIAMENTARY DELEGATION FROM RUSSIA

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, we have a foreign delegation. On behalf of this august House, I have great pleasure in welcoming His Excellency, Vyacheslav Volodin, Chairman of the State Duma of the Federal Assembly of the Russian Federation, and Members of the Parliamentary Delegation who are on a visit to India as our honoured guests. We have strong bilateral relations with Russia. The Parliamentary Delegation arrived in Delhi from Moscow on Sunday, February 2, 2025. They are now seated in the Special Box. They are scheduled to meet and call on various dignitaries in Delhi. Besides Delhi, they will also visit Mumbai before their departure from India. We wish them a happy and fruitful stay in our country. Through them, we convey our greetings and best wishes to the Members of Parliament, the Government and the friendly people of Russian Federation.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS-*Contd.*

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Neeraj Shekhar.

श्री नीरज शेखर (उत्तर प्रदेश): सभापति जी, मैं यही कह रहा था कि पूर्वांचलियों का उपयोग न किया जाए, उनके लिए काम किया जाए। मैं फिर से यह कहता हूँ कि अगर उनके बारे में कोई सोचता है तो वह माननीय प्रधानमंत्री जी हैं। इस देश में माननीय प्रधान मंत्री जी के अलावा कोई भी व्यक्ति नहीं है, जो उनके लिए काम कर सके। इस दिल्ली को भी डबल इंजन सरकार की जरूरत है, तभी दिल्ली का विकास हो सकेगा। मैं आपसे एक बहुत महत्वपूर्ण बात कहना चाहता हूँ, जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और मेरे साथ-साथ देश में बहुत से लोग हैं, जिनके लिए यह बहुत बड़ी घटना थी। ...(**व्यवधान**)... वह घटना धारा 370 को हटाया जाना था, जिसका उल्लेख माननीय महामहिम जी ने भी किया है। ...(**व्यवधान**)... हमारे कई साथी बोलते रहते हैं कि तुम भी कभी उधर थे, तो मैं उनको यह बताना चाहता हूँ कि उधर से इधर आने के दो कारण थे। मैं एक कारण नहीं बताऊँगा, लेकिन दूसरा कारण धारा 370 थी। धारा 370 की वजह से हमारे कई साथी इधर आए थे , क्योंकि हम लोग वे लोग नहीं हैं, जो केवल अपने परिवार और अपनी पार्टी के बारे में सोचें। हम लोगों के लिए देश सर्वोपरि है और हमेशा देश सर्वोपरि रहेगा। धारा 370